फॉरेंसिक मोबाइल वैन से अपराध की जांच और वैज्ञानिक तरीके से होगी : लखनलाल 3




## खबर संक्षेप

### कोयला खान पेंशन योजना में हुआ संसोधन

**कोरबा।** केंद्र सरकार ने कोयला खान पेंशन (संशोधन) योजना-2026 को अधिसूचित किया है, जिससे पुरानी कोयला खान फैमिली पेंशन योजना 1971 के तहत आनेवाले फैमिली पेंशनभोगियों को न्यूनतम 1 हजार प्रतिमाह पेंशन मिलेगी। जारी अधिसूचना के अनुसार संशोधित पेंशन राशि अब 1 हजार रुपए प्रतिमाह तय कर दी गई है, जो 8 मार्च-2024 से प्रभावी होगी। एरियर का भी भुगतान किया जाएगा। लगभग 16 हजार फैमिली पेंशनधारक इससे लाभान्वित होंगे। सीएमपीएफओ प्रबंधन की ओर से बताया गया कि वह पेंशनभोगियों के कल्याण व समावेशी सामाजिक सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीएमपीएफ पेंशन एक्ट-1998 में पहले संशोधन हुआ था और इस एक्ट के तहत आने वाले पेंशनरों को न्यूनतम पेंशन एक हजार मिल रहा था। तब कोल माइंस फैमिली पेंशनन स्कीम 1971 को न्यूनतम पेंशन 1000 रुपए के दायरे में नहीं लाया गया था। फैमिली पेंशन को न्यूनतम एक हजार रुपए करने की लंबे समय से मांग हो रही थी। अधिसूचना के साथ यह मांग पूरी हो गई।

### उच्च रक्तचाप जागरूकता के लिए निकाली गई रैली

**कोरबा।** चिकित्सालय में उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूकता विषय पर सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को उच्च रक्तचाप के कारणों, लक्षणों, बचाव एवं समय पर उपचार के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर 23 मई को प्रातः 9 बजे चिकित्सालय परिसर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, कोरबा के सेमेस्टर-1 के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने स्लोगन एवं जागरूकता संदेशों के माध्यम से लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### झेरिया धोबी बरेठ समाज का सम्मान समारोह संपन्न

**कोरबा।** नवनिर्वाचित संभागीय पदाधिकारियों जनाराम कर्ष अध्यक्ष, दीपक बरेठ महासचिव, रामसिंह कर्ष कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वय गिरधारी बरेठ, छबिलाल बरेठ, प्रेम कुमार बरेठ संयुक्त सचिव की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण परिक्षेत्रीय अध्यक्ष नोधेंद्र बरेठ द्वारा किया। महासचिव दीपक बरेठ ने संभागीय संविधान नियमावली का पालन करने की बात कही। साथ ही समाज को पंजीकृत संस्था बनाने पर जोर दिया। संभागीय कोषाध्यक्ष राम सिंह बरेठ ने समाज में कोष की वृद्धि किस प्रकार से किया जा सकता है इस बात पर बल दिया। उपाध्यक्ष गिरधारी लाल बरेठ ने सभी को मिलजुल कर कार्य करने की सीख दिया।

### हर्राडीह बुनियादी सुविधाओं से कोसो दूर

**चैतमा।** ग्राम पंचायत ईरफ मुख्यालय से लगभग 6 से 7 किमी पर ग्राम हर्राडीह के लोग 35 से 40 निवासरत है। जहाँ आने जाने के लिए आज तक सडक मार्ग नहीं बन पाया है। गांव तक पहुंचने के लिए जंगल के बीच उबड़ खाबड़ पगडंडी रास्ता है। यहां ना बिजली कि सुविधा है ना ही शुद्ध पीने का पानी। सुविधा के नाम पर आंगनबाडी एवं प्राथमिक स्कूल है। उक्त आगंन बाडी और स्कूल में आज तक सुरक्षा के नाम पर हाता नहीं है ना ही शौचालय एवं पेयजल हेतु हैंडपम्प तक नहीं है यहां पर अध्ययन रत बच्चे खेत के कुंआ का पानी पीते हैं। सरपंच ने बताया गया कि सड़क बनाने की स्वीकृति हुआ है एवं स्कूल हाता के लिए 10लाख रुपए की स्वीकृति हो गया है। एक वर्ष हो गया हाता हेतु 4 लाख रुपए अहरण कर लिया गया है एक ठेकेदार पाली निवासी को राशि दिया जा चुका है पर कार्य आज तक प्रारंभ नहीं किया गया है, बिजली एवं पानी एवं शौचालय की समस्या आज भी विद्यमान है।

# एसईसीएल की कोयला खदानों में अब ईवी टिपर से होगी कोयला ढुलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बदलते वैश्विक हालात और ईंधन संरक्षण की बढ़ती आवश्यकता के बीच कोयला क्षेत्र में भी अब बड़े बदलाव की शुरुआत हो गई है। देश की प्रमुख कोयला उत्पादक कंपनियों में शामिल एसईसीएल ने अपनी खदानों में कोयला परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने का फैसला किया है। इसके तहत अब कोयला ढुलाई में ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) टिपर का इस्तेमाल किया जाएगा।

अलग खबर

एसईसीएल द्वारा हाल ही में जारी टेंडर में स्पष्ट शर्त रखी गई है कि परिवहन कार्य में कम से कम 20 प्रतिशत इलेक्ट्रिक या सीएनजी वाहनों को शामिल करना अनिवार्य होगा। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य न केवल ईंधन की खपत कम करना है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत को भी बढ़ावा देना है। मिडिल ईस्ट क्षेत्र में जारी तनाव और वैश्विक परिस्थितियों के कारण भविष्य में पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंकाओं के बीच केंद्र सरकार भी वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों पर जोर दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील के बाद देश की प्रमुख कंपनियां ईंधन संरक्षण की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही हैं। इसी कड़ी में कोल इंडिया ने अपनी सभी अनुषंगी कंपनियों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। गाइडलाइन के अनुसार अधिकारियों के लिए आधिकारिक कार पूलिंग को भी अनिवार्य किया गया है। अब एक ही दिशा में निरीक्षण या विभागीय कार्य के लिए जाने वाले अधिकारी साझा वाहन का उपयोग करेंगे, जिससे ईंधन की बचत हो सके। एसईसीएल ने कोयला परिवहन के लिए जारी किए गए नए टेंडर में इन निर्देशों को शामिल किया है। कंपनी ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि डीजल और पेट्रोल वाहनों की बजाय प्राथमिकता इलेक्ट्रिक वाहनों को दी जाए।

## ईंधन बचत की दिशा में एसईसीएल प्रबंधन की नई पहल

**खास बातें**

- टेंडर में 20 फीसदी इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को शामिल करना अनिवार्य



### ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण में बदलाव

उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में डीजल संकट जैसी स्थिति नहीं बनी है, लेकिन भविष्य में ईंधन आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए कंपनी प्रबंधन पहले से तैयारी कर रही है। कोयला खदानों में भारी मशीनरी और बड़े वाहनों का लगातार उपयोग होता है, ऐसे में ईवी टिपर की शुरुआत आने वाले समय में ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती है। यह कदम न केवल आधुनिक तकनीक को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत है, बल्कि कोयला उद्योग में हरित ऊर्जा की ओर बढ़ते कदमों का भी प्रतीक माना जा रहा है।

## पढ़ाई व्यवस्था को लेकर प्रबंधन भी हैं परेशान, नहीं बढ़ रही छात्रों की दर्ज संख्या

# कालेजों की जनभागीदारी समिति नहीं कर पा रही फैकल्टी की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में संचालित 4 नवीन शासकीय कॉलेजों को न तो भवन मिला है और न ही फैकल्टी मिल पा रही है। जिसकी वजह से पढ़ाई व्यवस्था को लेकर कॉलेज प्रबंधन परेशान है। साथ ही महाविद्यालयों में दर्ज संख्या भी नहीं बढ़ पा रही है।

**खास बात**

- जिले में 4 नवीन शासकीय कॉलेजों का हो रहा संचालन




गवर्नमेंट नवीन कॉलेज उमरेली।

जिले में चलने वाले नवीन शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति का गठन किया गया है। लेकिन स्थायी तौर पर भी फैकल्टी भर्ती करने का अधिकार न होने के कारण महाविद्यालयों में पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। शासन स्तर से भी सहायक प्राध्यापकों की भी भर्ती प्रक्रिया में विलंब किए जाने के परिणाम स्वरूप कई शासकीय कॉलेजों में बड़े सब्जेक्ट के फैकल्टी नहीं हैं। इनमें जिले के 4 नवीन शासकीय महाविद्यालय भी शामिल हैं। रामपुर, उमरेली, जटगा और बांकीमोंगरा ऐसे महाविद्यालय हैं जहां भवन तो है नहीं, स्कूल के कुछ कमरों में इसका संचालन हो रहा है। इसके बावजूद फैकल्टी की व्यवस्था अपने स्तर पर भी महाविद्यालयों में गठित जनभागीदारी की समितियां नहीं कर सकती हैं। यही कारण है कि महाविद्यालयों में जिस तरह से दर्ज संख्या बढ़नी चाहिए थी उस तरह से रामपुर, उमरेली, जटगा में नहीं बढ़ी है। बांकीमोंगरा में दर्ज संख्या जरूर अन्य नवीन कॉलेजों की तुलना में प्रतिवर्ष बढ़ते जा रही है। इसका कारण आसपास का एक बड़ा ग्रामीण अंचल है। यहां के स्कूल से निकलने वाले छात्रों को महाविद्यालयीन पढ़ाई के लिए हरदीबाजार या कटघोरा जाना पड़ता था।

### स्ववित्तीय कोर्स के लिए भर्ती करने का अधिकार

महाविद्यालय में प्रबंधन के द्वारा स्ववित्तीय व्यवस्था से चलाए जाने वाले व्यवसायिक कोर्स के लिए फैकल्टी भरने का अधिकार जनभागीदारी समिति को है। इसी के फीस के तहत शासकीय पीजी कॉलेज में चलने वाले स्ववित्तीय कोर्स के लिए जनभागीदारी के द्वारा ही फैकल्टी रखी गई है। कटघोरा महाविद्यालय भी स्व वित्तीय योजना के तहत कुछ नए कोर्स इस वर्ष से नए संचालन करने की तैयारी कर रहा है। जिसके लिए स्ववित्तीय के तहत जनभागीदारी समिति फैकल्टी की भर्ती स्वयं के खर्च पर कर सकती है।

### छात्र प्रति वर्ष जाते हैं बाहर

जिले में चलने वाले शासकीय व निजी महाविद्यालयों में बड़े रोजगार मूलक और विशेषज्ञ विषय नहीं होने के कारण 12वीं की कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अधिकांश छात्र जिले से बाहर दुर्ग, भिलाई, राजधानी रायपुर के साथ मध्यप्रदेश के भोपाल और दक्षिण भारत की ओर रूख करते हैं। इनमें सीबीएसई स्कूलों से निकलने वाले छात्रों की संख्या ज्यादा बताई गई है। इस बात को स्कूल के टीचर के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक भी स्वीकारते हैं। उनकी मानें तो औद्योगिक शहर होने के बावजूद महाविद्यालय में प्लेसमेंट कैंप नहीं होने के कारण छात्रों का रूझान कम हो रहा है।

### आपसी विवाद के कारण पति ने की पत्नी की हत्या



**कोरबा।** बांगो थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मानिकपुर के गांधी चौक के पास हत्या की जानकारी सामने आते ही आसपास में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी लोगो ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आपसी विवाद के चलते बलिराम मरावी ने अपनी पत्नी संगीता मरावी की हत्या की है। पुलिस जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगा कि बलिराम ने किन कारणों के चलते अपनी पत्नी की हत्या किया है। मामले में पुलिस ने बलिराम के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# उधार की रकम वापस नहीं मिलने से परेशान वेल्डर ने की थी आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ढेंगुरनाला के समीप मिले बसंत के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया है। उधार की रकम वापस नहीं मिलने से मानसिक रुप से परेशान बसंत पटेल ने आत्महत्या कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने उधार लेकर रकम वापस नहीं करने वाले बसंत पटेल को मानसिक रुप से प्रताड़ित करने वाले आरोपी नील कुमार चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

**खास बातें**

- ढेंगुरनाला कोहड़िया के समीप मिले शव की गुत्थी सुलझी
- उधार की रकम वापस नहीं देने वाला आरोपी जेल दाखिल



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

उल्लेखनीय है कि 10 मई सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढेंगुरनाला के समीप वेल्डर बसंत पटेल का शव बरामद किया गया था। सर्वमंगला नगर दुरपा निवासी राजेन्द्र कुमार पटेल पिता सुमत राम पटेल उम्र 36 वर्ष ने 10 मई को चौकी सीएसईबी में सूचना दी थी कि मृतक बसंत कुमार पटेल पिछले तीन वर्षों से उसके किराये के मकान में रह रहा था और जिला अस्पताल के समीप स्थित संजय इंटरप्राईजेस में वेल्डर का काम करता था। 10 मई की सुबह 7.40 बजे लगभग मोहल्ले के रहने वाले राकेश पटेल ने फोन कर सुचना दी थी कि बसंत पटेल का शव कोहड़िया सार्वजनिक देव स्थल की झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला है। सूचना मिलने पर सीएसईबी चौकी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर कार्यवाही शुरु कर दी थी। शव के पंचनामा कार्यवाही उपरांत बसंत के शव को पीएम के लिए भेजा गया। पीएम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि घटना स्थल पर बरामद बीयर बॉटल के कांच के टुकड़े से बसंत कुमार के गले में चोट पहुंची थी और संभवतः इसी वजह से उसकी मौत हुई है। जांच के दौरान पुलिस ने नीलकुमार चौहान निवासी ढेंगुरनाला कोहड़िया से पूछताछ किया जिसने बताया कि माह अप्रैल में मृतक बसंत पटेल से उसने उधार में 15 हजार रुपये लिया था जो उसे वापस नहीं कर रहा था और नीलकुमार चौहान रकम वापस करने में आनाकानी कर रहा था तथा मृतक बसंत कुमार उधार की रकम वापस नहीं मिलने से मानसिक रुप से परेशान था। यही वजह है कि तंग आकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। मामले में पुलिस ने मेंहदी पामगढ़ निवासी नील कुमार चौहान पिता स्व घसीराम चौहान उम्र 36 साल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

# बगैर प्रक्रिया बच्चे को लेने के मामले में एफआईआर


**कोरबा।** जिला मेडिकल कॉलेज में एक महिला ने स्वस्थ्य बालक को जन्म देने के बाद महिला की मौत हो गई। जिसके बाद मृतिका के पति के द्वारा नवजात शिशु को बिना शासकीय प्रक्रिया के किसी अन्य पालक को शिशु को दिए जाने के मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ महिला बाल विकास विभाग ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है।

बालक कल्याण समिति द्वारा दत्तक ग्रहण हेतु लीगल फ्री किए गए अथवा बालक कल्याण समिति द्वारा आदेशित किए गए बच्चों का ही दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया की जा सकती है। किसी भी प्रकार से बच्चों का खरीदी बिक्री अथवा अवैध रूप से लेनदेन कर दत्तक में दिया जाना गैर कानूनी है। देश में बच्चों के दत्तक ग्रहण हेतु केंद्रीय दत्तक ग्रहण प्राधिकरण के माध्यम से आवेदन कर महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से ही दत्तक ग्रहण में लिए जाने का प्रावधान है। प्रावधान का पालन नहीं किए जाने की दशा में दत्तक ग्रहण विनियम तथा ट्रैफिकिंग अंतर्गत निहित प्रावधानों के अनुरूप कानूनी कार्यवाही व दंड का प्रवधान है। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश में बच्चों के अवैध दत्तक ग्रहण को रोकने हेतु सभी संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रसारित किये है। ताकि बच्चों के अवैध दत्तक ग्रहण को रोका जा सके।








JGI THE JAIN INTERNATIONAL SCHOOL
(A Division of the Jain Group of Institutions, Bangalore)
(A Day- Cum- Residential School)
CELEBRATING A REMARKABLE STREAK OF CONSECUTIVE IMPRESSIVE BOARD EXAMINATION RESULTS
MEHAR SALUJA 97.8% Grade 10th
VIJAY KUMAR MARKAM 95.6% Grade 12 th th
AADYA AGRAWAL 97.4% Grade 10th
ADMISSIONS OPEN 2026
GRADE 10TH RESULTS
AADYA AGRAWAL 97.4%
MEERA SINHA 97.2%
PARSHVA TEJANI 96.2%
ABHISHEK TRIVEDI 95.8%
JAYANT SHRIVASTAVA 94.6%
YOGITA GEMNANI 94.2%
NISHITA DEWANGAN 93.6%
GITESH AGRAWAL 93.6%
SONAM SAMANTA 93.4%
OMKAR PATEL 93.2%
AANYA AGRAWAL 92.6%
ADWITA AGRAWAL 92.2%
SHIVEDITA SINGH 92%
ABHIJAY S. THAKUR 91.6%
DARSHEEL JAIN 91.6%
BHAVESH KHANDEY 91.2%
SHWETA VISHWAKARMA 91.2%
AVNI DWIVEDI 91%
MANAW AGRAWAL 91%
SRIJAN MITTAL 91%
ISHANT PANDA 90.6%
SUHAVI SALUJA 90.4%
DIVYANSHU SAHU 90.2%
BHABYA BHAGAT 90.2%
NAVYA K. CHHABRA 90.2%
GRADE 12TH RESULTS
VIPUL SONI 94.8%
AMAR AGRAWAL 94%
AARYA AGRAWAL 93%
RAJ AGRAWAL 92.8%
AADITYA DHIR 92.8%
TANMAYA SAHOO 92.2%
SHUBHAM SONI 92%
MAHI BANSAL 91.8%
ADHYA MITTAL 91.4%
AAYUSHI KATHURIA 91.2%
CHAHAT GOYAL 90.8%
ANUSHKA SHARMA 90.6%
HARMAN HURA 90.4%
ARAV AGRAWAL 90.2%
PRANIT KAR 90%
Our Facilities
• Advanced Sports Facilities: Horse Riding / NCC / ARMY / Weapon Training / Firing Range / Archery.
• University of Cambridge ESOL Qualification.
• Special Academic Labs (Psychology, Maths and Digital Language Labs).
• Security & Safety: CCTV Surveillance and in House Medical Infirmary.
• Digital Library.
• Trinity School of Music, London and Bhatkhande Music Qualifications.
• Shooting Range • Art Room.
• French as Foreign Language.
• AI, Robotics & Coding Classes for Better Foundation
• Indoor multipurpose training hall for sports and games
SCHOLARSHIP OPPORTUNITY UPTO 100%
• Behavioral & Career Counselling
• Psychometric Test • Disc Test
• Career Guidance aligned with selected streams
CAMBRIDGE
LAUNCHING INTERNATIONAL EDUCATION
IGCSE : UPPER SECONDARY
& CAMBRIDGE ESOL
SPORTS AND ACTIVITIES
HORSE RIDING
SWIMMING
MARTIAL ARTS (TAEKWONDO)
SYNTHETIC COURT FOR LAWN TENNIS
SYNTHETIC COURT FOR BASKETBALL
ARCHERY
SKATING
CRICKET
FOOTBALL
BADMINTON
Visit our website: tjisedu.in or contact us at:• Mob.: 9584461666, 9584461668, 9993589494
Mungeli Road, PO Sakri, Bilaspur (CG) 495 003 • Tel: (07752) 283281-85
AdPRAYAS

# फॉरेंसिक मोबाइल वैन से अपराध की जांच और वैज्ञानिक तरीके से होगी : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोबाइल वैन एक चलित फॉरेंसिक प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगी, जिसमें ब्लड डिटेक्शन किट, नारकोटिक्स डिटेक्शन किट, बुलेट डिटेक्शन किट सहित विभिन्न आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। साथ ही यह वैन जीपीएस एवं जनरेटर जैसी सुविधाओं से भी सुसज्जित है। फॉरेंसिक मोबाइल वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही प्रारंभिक वैज्ञानिक जांच एवं आवश्यक साक्ष्यों का सुरक्षित संग्रह किया जा सकेगा। इससे अपराधों की जांच अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं साक्ष्य आधारित होगी तथा न्यायिक प्रक्रिया को भी गति मिलेगी।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सीन ऑफ़ क्राइम फॉरेंसिक मोबाइल वैन के शुभारंभ के दौरान कही।

## सीन ऑफ क्राइम फॉरेंसिक मोबाइल वाहन को हरी झंडी

**खास बातें**

- जीपीएस एवं जनरेटर जैसी सुविधाओं से है लैस
- घटना स्थल पर ही हो सकेगी प्रारंभिक जांच




अपराधों की जांच को आधुनिक, वैज्ञानिक एवं साक्ष्य आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सीन ऑफ़ क्राइम फॉरेंसिक मोबाइल वैन की सुविधा शनिवार को जिले को मिली। इस मौके पर श्रम व उद्योग मंत्री, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले के लिए अत्याधुनिक फॉरेंसिक मोबाइल वैन उपलब्ध कराई गई है, जिसका लोकार्पण माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया था। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, राजेंद्र साहू सहित पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

**कोरबा।** कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के संबंध में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के आह्वान पर जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, भाजपा जिला महामंत्री अजय विश्वकर्मा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन, अजय चंद्रा, भाजयुमो जिला महामंत्री मोंटी पटेल, तुषार साहू, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, अमित सिंह, निखिल अग्रवाल, अशोक रजवाड़े, रिक्की पांडेय, धनंजय चौहान, रामअवतार पटेल, साकेत शर्मा, निखिल दावड़ा, आदित्य मानिकपुरी, शिव देवांगन, कृष्णानंद राठौर, आदित्य साहू, हीरू जायसवाल, नवीन ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### सेजेस उतरदा में प्राचार्य को दी गई श्रद्धांजलि



**हरदीबाजार।** पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत उतरदा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य स्व गोपाल प्रसाद लहरे की स्मृति में शोक सभा आयोजित की गई। 16 मई को हृदयघात से निधन हो गया था। उन्होंने लगभग 30 वर्षों तक विद्यालय में सेवा देकर शिक्षा, संस्कार और स्कूल विकास को नई पहचान दी। शोक सभा में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दिया गया। इस मौके पर पूर्व उपसरपंच इंद्रसेन यादव, ग्राम सभा अध्यक्ष संतोष मरावी, पीपी अंचल, यूएस मरावी, नरेन्द्र कुमार पाटले, अनुज कुमार जांगड़े, राकेश टंडन, श्रीमती ममता मांडले, सुधीर कुमार चंद्रा, संदीप सूर्यवंशी, श्रीमती शीलू ध्रुव, राजेंद्र कैवर्त, अनीता मानिकपुरी, एनके कंवर, छबिराम अहीर, दिलीप कुमार सिंगौर एवं सहायक शिक्षक लीलाधर साहू उपस्थित रहे।

### खनिज विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही, जेसीबी व ट्रैक्टर जप्त

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार तथा उप संचालक, खनि प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में गौण खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण एवं जांच की गई। जांच के दौरान खनिज रेत, गिट्टी और मिट्टी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कुल 3 जेसीबी मशीनें और 16 ट्रैक्टर जप्त किए गए। डोका गुड़ा से 1 ट्रैक्टर, विजयपुर से 2 ट्रैक्टर, सुतर्रा से 1 ट्रैक्टर, आमाखोखरा से ईंट से भरा 1 ट्रैक्टर जप्त किया गया। ग्राम बिंझरा से मिट्टी का अवैध उत्खनन कर रहे 2 जेसीबी मशीनों को भी पकड़ा गया। पौड़ी से रेत का अवैध परिवहन करते हुए 4 ट्रैक्टर और डुमरकछार से मिट्टी के अवैध उत्खनन में संलिप्त 2 ट्रैक्टर तथा 1 जेसीबी को भी कार्रवाई के दौरान जप्त किया गया। खनिज विभाग का यह अभियान जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करने और राजस्व की क्षति को रोकने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास है। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## कटघोरा के शिव मेडिकल स्टोर के सामने हुआ हादसा

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा


मृतक।

कटघोरा निवासी दीपक अग्रवाल अपने मोटर साइकिल से सड़क पार कर रहा था इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक पिकअप चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दीपक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में दीपक गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल दाखिल कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दुर्घटनाकारित पिकअप चालक घटना के बाद पिकअप वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर फरार पिकअप चालक की तलाश शुरु कर दी है।



दुर्घटनाग्रस्त बाइक।

कटघोरा नगर में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। तेज रफ्तार पिकअप वाहन की चपेट में आने से कटघोरा के गोयल हार्डवेयर के संचालक व प्रतिष्ठित व्यवसायी राकेश अग्रवाल के छोटे भाई दीपक अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने पिकअप वाहन को रोक लिया, लेकिन चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, कटघोरा निवासी दीपक अग्रवाल शनिवार सुबह अपनी बाइक से बिलासपुर मार्ग स्थित शिव मेडिकल के सामने सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान बिलासपुर मार्ग पर विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएस 0919 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपक अग्रवाल उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उनकी बाइक पिकअप वाहन के अगले हिस्से में फंस गई, जिसके बावजूद चालक वाहन नहीं रोक सका और तेज रफ्तार में करीब 3 सौ मीटर तक बाइक को घसीटते हुए आगे बढ़ता रहा। हादसे को देखकर मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए पिकअप वाहन का पीछा किया और उसे अंबिकापुर मार्ग स्थित न्यू बस स्टैंड के पास रोक लिया। हालांकि, भीड़ के गुस्से और मारपीट के डर से पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। हादसे के तुरंत बाद घायल दीपक अग्रवाल को कटघोरा के नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन उपचार के दौरान दोपहर में दीपक अग्रवाल ने दम तोड़ दिया।

# विद्युत विभाग में लाखों की चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिंघाली क्षेत्र में विद्युत पोल को क्षति कर लगभग 31 सौ मीटर विद्युत तार सहित अन्य उपकरण की चोरी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्ज से पुलिस ने विद्युत खंभों में लगे लोहे के उपकरण/चैनल, 1 नग मोबाइल फोन, 1 नग सायकल बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

**खास बात**

- आरोपियों के पास से लोहे के चैनल सहित मोबाइल व साइकिल बरामद

उल्लेखनीय है कि 19 मई को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी कटघोरा के सहायक अभियंता रंजीत पैकरा ने बांकीमोंगरा थाना में शिकायत दर्ज करायी थी कि 12 व 13 मई की दरमियानी रात सिंघाली लोकहित क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा विद्युत पोल को क्षतिग्रस्त कर लगभग 31सौ मीटर विद्युत तार चोरी कर लिया गया था। बिजली के 13 खम्भों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2), 324(4), 317(2), 3(5) बीएनएस, छत्तीसगढ़ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136-1(ए), 140, 137 लोक संपत्ति का नुकसानी का निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान बांकीमोंगरा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर वार्ड क्रमांक-6 राजीवनगर कटघोरा निवासी कबाड़ी संचालक मनोज कुमार साहू उर्फ मोनू उम्र 33 वर्ष पिता स्व. ओमप्रकाश साहू, अमरपुर सिंघाली निवासी विजयपाल कंवर, पिता मोहनपाल सिंह, उम्र 30 वर्ष, शेखर सिंह अगरिया, पिता एम सिंह अगरिया, उम्र 28 वर्ष, अनुप कुमार चौहान, पिता परदेशी राम चौहान, उम्र 32 वर्ष एवं जवाली निवासी मोहनलाल रोहिदास पिता जागेश्वर राम रोहिदास उम्र 45 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जिन्होंने चोरी करना एवं माल खरीदना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से विद्युत खंभों में लगे लोहे के उपकरण/चैनल, 1 नग मोबाइल फोन, 1 नग सायकल बरामद किया है। वहीं पकड़े गए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# जनजातीय सम्मेलन में भाग लेंगे जिले के आदिवासी समाज के सदस्य


सम्मेलन में शामिल होने जाते सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजधानी दिल्ली में जनजातीय संस्कृति और उनकी विरासत और संप्रभुता जैसे विषयों को लेकर दो दिन तक चलने वाले जनजातीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए जिले से 300 सदस्यों का दल दिल्ली के लिए रवाना हुआ है। जनजातीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पिछले एक पखवाड़े से आदिवासी समाज के सदस्यों को एकजुट करने और सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का काम चल रहा था। जल, जंगल, जमीन के साथ आदिवासी संस्कृति की विरासत और संप्रभुता की रक्षा के लिए आदिवासी समाज को जोड़ने का काम करते हुए सम्मेलन का आयोजन के पूर्व सभी प्रदेशों के आदिवासी जिलों में समाज स्तर पर बैठकें भी हुई। इसके बाद शनिवार को जिले से लगभग आदिवासी समाज के 300 सदस्य यात्री बस से उसलापुर के लिए रवाना हुए। जहां से वे यात्री ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इसके पूर्व वनवासी कल्याण आश्रम में समाज के सदस्य एकजुट हुए थे। सम्मेलन में भाग लेने वाले पाली, करतला, कोरबा, पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक के सर्वाधिक सदस्य शामिल हैं। जो दिन सम्मेलन में भाग लेकर जिले में जल जंगल जमीन के लिए चल रही गतिविधियों पर चर्चा करेंगे।

# महाराणा प्रताप चौक के पास चला निगम का बुलडोजर, हटाए गए ठेले-गुमटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


अतिक्रमण हटाता नगर निगम का अमला।

महाराणा प्रताप चौक, बुधवारी बाजार के आसपास शनिवार को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई। निगम की टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची, जहां सड़क किनारे लंबे समय से लगे ठेले, गुमटियां एवं अस्थायी दुकानों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार महाराणा प्रताप चौक से जुड़े क्षेत्र में ग्रीन कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके तहत सड़क किनारे हरियाली बढ़ाने, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और शहर की सुंदरता में सुधार करने की योजना बनाई जा रही है। इसी उद्देश्य से अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है। निगम अमले ने बताया कि कई दुकानदारों और ठेला संचालकों को पहले ही नोटिस जारी कर जगह खाली करने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर निगम को बुलडोजर कार्रवाई करनी पड़ी। नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व में चिन्हित अतिक्रमणकारियों एवं फुटकर व्यापारियों के लिए व्यवस्थित दुकानें बनाकर उनका आवंटन किया जा चुका है, ताकि वे निर्धारित स्थान पर अपना व्यवसाय संचालित कर सकें। इसके बावजूद कई लोगों द्वारा पुनः सड़क किनारे अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था, जिसके चलते निगम को सख्त कार्रवाई करनी पड़ी। कार्रवाई के दौरान कई ठेला संचालकों ने अपनी रोजी-रोटी प्रभावित होने की बात कही, वहीं निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्ग एवं प्रस्तावित विकास कार्यों में बाधा बनने वाले अतिक्रमण को हटाना आवश्यक है। नगर निगम का कहना है कि शहर में यातायात सुधार और सौंदर्यीकरण के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा तथा मुख्य मार्गों और चौक-चौराहों के आसपास अवैध कब्जों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

# पानी टैंकर चालक से मारपीट, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


बीच सड़क पर खड़ा टैंकर वाहन।

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदीबाजार इंदिरा आवास निवासी ओमप्रकाश पिता विनोद कुमार ने शिकायत दर्ज कराया कि वह लक्ष्मीनारायण राठौर का पानी टेंकर ट्रेक्टर क्रमाक सीजी 22 यू 8421 का वाहन चालक है जो कि टेंकर में पानी में लेकर 22 मई की शाम 6 बजे लगभग शाम को पानी देने उमेंदीभांठा जा रहा था कि रास्ते हरि सायकल स्टोर शिक्षक नगर उत्तरदा रोड के पास रोक मारपीट गाली गलौच किया और बोला कि यहां पर पानी दो। जबकि पानी देने का टेण्डर उमेंदीभांठा एरिया का एसईसीएल गेवरा क्षेत्र से मिला हुआ है। ओमप्रकाश के द्वारा बताया गया कि उसके सेठ को एसईसीएल दीपका क्षेत्र का टेण्डर नहीं है इसलिये मैं यहां पानी नहीं दे सकता हूं। मैं पानी लेकर उमेंदीभांठा एरिया जा रहा हूं फिर भी उसके साथ मारपीट गाली गलौच किया है। उक्त मामले में स्थानीय सरपंच लोकश्वर सिंह कंवर ने भी थाने में इसकी शिकायत की है। इसके अलावा भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती अनुसूईया राठौर ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 22 मई की रात लगभग 8 बजे आरोपी अनिल राठौर दो अन्य गुंडों के साथ उनके घर पर धमक गया उस वक्त घर पर केवल महिला नेत्री और उनकी पुत्री ही मौजूद थीं जबकि पुरुष सदस्य काम से बाहर गए हुए थे आरोपी ने उनके बंद दरवाजे को लात-घूंसों से तोड़ने का प्रयास करते हुए गाली गलौच किया गया है। शिकायत जांच पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सामुदायिक भवन का मंत्री ने किया लोकार्पण


फीता काटकर लोकार्पण करते उद्योग मंत्री व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों का विकास समाज को जोड़ने का कार्य करता है। सामुदायिक भवन के निर्माण से मंदिर परिसर में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी तथा श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। जनभावनाओं के अनुरूप क्षेत्र के विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

**खास बातें**

- विधायक निधि से 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित भवन की मिली सौगात

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बालको नगर स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मंदिर समिति के सदस्य एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। राम नवमी में मंदिर समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं की मांग पर मंत्री श्री देवांगन ने अपनी विधायक निधि से 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की थी। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, पार्षद मंगल बंदे, तरुण राठौर, चैतन्य मैत्री, प्रफुल्ल तिवारी, डीलेन्द्र यादव, सम्पत यादव, जय राठौर, शिव बालक तोमर, श्रीमती अर्चना रूनीझा, श्रीमती मंजीत कौर, श्रीमती ममता निर्मलकर, श्रीमती रश्मि, केशव चंद्रा, राजेश धिवर, श्रीमती ज्योति सिंह परिहार, माहेश्वरी गोस्वामी, सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ) केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं।
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
9993000683
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

KRISHNA Multispeciality Hospital
AFFORDABLE AND TRUSTED HEALTHCARE
24/7 Emergency Services
उपलब्ध विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- एक्सीडेंट एवं ट्रामा युनिट
- मेडिसिन रोग विभाग
- छाती रोग विभाग
- सर्जरी विभाग
- शिशु रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- इनफर्टिलिटी विभाग
- पैथोलॉजी विभाग
- इंटेंसिव एण्ड क्रिटिकल केयर यूनिट
- न्यूरोसर्जरी विभाग
आयुष्मान एवं कैशलेस टीपीए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
- 96 स्लाइस एडवांस सीटी स्कैन
- X-Ray 3D 4D USG, EEG, ECG, TMT,
- PFT की सुविधा
- वेंटीलेटर की सुविधा
- अनुभवी स्टाफ की टीम
- डायलिसिस की सुविधा
- 24 घंटे फार्मेसी एवं पैथोलॉजी की सुविधा
- 24 X 7 अपातकालीन सुविधाएं
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.) 7771005425, 77710-13560
Help Line No.:- 9109127585

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
सस्ती नहीं
मुफ्त बिजली
की ओर बढ़ता
छत्तीसगढ़
छ.ग. में ऑन-ग्रिड सिस्टम स्थापना की
प्रारंभिक कंपनियों में से एक
सरकार द्वारा 108000 अनुदान राशि
सुपर प्रीमियम क्वालिटी
क्या आपका सोलर स्ट्रक्चर 25 साल चलेगा...!
आईये हम देते हैं 25 साल चलने वाला सोलर स्ट्रक्चर
खूबियाँ :-
उच्च दक्षता वाला पैनल एवं इन्वर्टर
4-5 एमएम मोटाई वाला एमएस हॉट डीप स्ट्रक्चर
एसी-डीसी कॉपर केबलिंग प्रीमियम क्वालिटी ब्राण्ड के साथ
उच्च गुणवत्ता वाले एचएमएस पीवीसी पाइप एवं एसएस नट-बोल्ट
5 साल की इंश्योरेंस पॉलिसी सुविधा उपलब्ध
सोलर में 5% की अतिरिक्त छूट*
*ऑफर 31 मई तक लागू
adani Solar
HAVELLS
WAAREE One with the Sun
LUMINOUS SOLAR
TATA POWER SOLAROOF
RAREBOX SOLAR
ATUL PUBLICITY
Opp. SBI ATM, Ashwani Nagar, Raipur (C.G.)
9630131550, 9039015615